**खबर संक्षेप**

## ब्रह्माकुमारीज मंडला द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर आध्यात्मिक स्वास्थ्य विषय पर किया गया कार्यक्रम

**मण्डला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मण्डला के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र "विश्व शांति भवन" के सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं के लिए आध्यात्मिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, भाजपा नगर अध्यक्ष भ्राता रानू राजपूत, आर्चिड स्कूल के डायरेक्टर भ्राता सौरभ तिवारी, चाइल्ड स्पेशलिस्ट भ्राता डॉ. अंकित चौरसिया, कटरा हॉस्पिटल के फ्लोर मैनेजर भ्राता गौरव यादव एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत परमपिता परमात्मा शिव बाबा की याद से किया गया। ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन ने मंचासीन अतिथियों का तिलक लगाकर और गुलदस्ते देकर स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं, साथ ही मंचासीन अतिथियों का शब्द पुष्पों के द्वारा स्वागत किया और कहा कि जिस शारीरिक स्वास्थ पर ध्यान देते हैं उसी प्रकार हम सभी को आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अति आवश्यक है। समाज, परिवार और देश को सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आध्यात्मिक स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। आर्चिड स्कूल के डायरेक्टर भ्राता सौरभ तिवारी ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों का धन्यवाद करते हुए कहा कि युवा, बच्चे और वृद्ध आदि सभी लोगों के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान का होना अति आवश्यक है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया कि सभी को युवाओं से बहुत आशा होती है। जब युवा शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ्य रहेगा तभी हर कार्य को साहस और कर्मठता के साथ कर सकता है और सफल हो सकता है। बताए कि स्वामी विवेकानन्द जी ने कहा है कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो सके। युवाओं को एक बड़ा और अच्छा लक्ष्य बनाना चाहिए जिसके लिए आध्यात्मिक होना अति आवश्यक है।

### उपेक्षा के शिकार संगम तट के घाटों को सुंदर बनाने मातृ शक्ति और युवा दे रहे योगदान

# स्थानीय युवाओं ने की घाट की सफाई





*** चार सौ मीटर लंबे घाटों की दीवारों में किया रंग रोगन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

महाराजपुर संगम घाट पर स्थानीय युवाओं मातृशक्तियों द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्य को आगे बढ़ते हुए लगभग 400 मीटर लंबे घाट की दीवारों का भी रंग रोगन कर उसे आकर्षक बना दिया पिछले 15 दिनों से मकर संक्रांति की तैयारी को लेकर स्थानीय आरती समिति के सदस्यों एवं भंडारा समिति के सदस्यों ने जगह-जगह साफ-सफाई के कार्य कर उपेक्षित पड़े घाटों सीढ़ी दीवारों को नया लुक दे दिया,जो कार्य नगर पालिका नहीं कर सकी उसे जनसहयोग से पूरा करा दिया गया, साथ ही श्रद्धालुओं के स्नान हेतु रेत की बोरियों को रखकर अस्थाई घाट भी बनाया गया। उपनगरीय क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि हमेशा ही नगर पालिका प्रशासन संगम क्षेत्र को उपेक्षित रखा है इसलिए यहां अतिक्रमण बढ़ गए हैं, लाइट बंद रहती है, सड़कों की हालत खराब है साफ-सफाई का अभाव है तीर्थ यात्रियों पैदल परिक्रमा वासियों की रुकने की उचित व्यवस्था का आभाव है, पीने के पानी की कमी है, धर्मशालाओं में मनमानी चल रही है, अवैध रूप से शराब और अन्य नशे का कारोबार हो रहा है इस ओर महाराजपुर पुलिस प्रशासन की भी नजर नहीं है।

### महाराजपुर संगम क्षेत्र में हो रहा अतिक्रमण और अवैध निर्माण

महाराजपुर संगम तट पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जिले का सबसे बड़ा धार्मिक मेला का आयोजन होता है किंतु इस धार्मिक मेले में सुविधा नगण्य है। नर्मदा तट पर साफ-सफाई और नर्मदा जी में स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है, नगर पालिका प्रशासन को दो दिन पूर्व इस धार्मिक मेले की याद आई आनन-फानन में कुछ काम किए जा रहे है लेकिन दो दिनों में व्यवस्था बनाना संभव नहीं है। यहां छोटी-छोटी दुकानों का अतिक्रमण इस तरह हावी हो गया है कि तीर्थ यात्रियों को यहां पर चलना, बैठना पूजा पाठ करना मुश्किल हो गया है। प्रदेश सरकार ने सामाजिक कुंभ के दौरान संगम के पूरे क्षेत्र को मेला क्षेत्र घोषित किया है यहां किसी प्रकार का अतिक्रमण और निर्माण कार्य पूर्णता प्रतिबंधित किए गए हैं जो राजपत्र में प्रकाशित हो चुका है फिर भी निर्माण अतिक्रमण बदस्तूर जारी है।



## दिखावे के लिए छात्रावास में लगी पानी की टंकी एवं सोलर वाटर, हीटर



*** कुएं व तालाब में ठंडे पानी से नहाने को मजबूर छात्र।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

शासन की फाइलों में जनहितेषी योजनाओं को लिखकर राशि आहरण कर ली जाती है लेकिन धरातल कुछ और ही हकीकत बयां करते हैं ऐसा ही एक मामला बिछिया ब्लांक के शासकीय आदिवासी बालक आश्रम मांगा का सामाने आया है यहां पर आश्रम में आदिवासी छात्र रहकर अध्ययन करते हैं इनकी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखते हुए शासन द्वारा राशि मुहिया कराई जाती है लेकिन राशि तो खत्म कर दी जाती है और सुविधाएं मिल नहीं पाती है। उक्त स्थल पर एक वर्ष से सोलर वाटर, हीटर एवं पानी की टंकी छत के ऊपर रख दी गई है जो आज तक चालू ही नहीं हुई एक बार भी इसका उपयोग नहीं किया गया है यहां के छात्र कुएं व तालाब में जाकर ठंडे पानी से नहाने को मजबूर हैं, जो एक गंभीर विषय है उक्त रवैये की जानकारी संबंधित विभाग को है फिर भी इस ओर ध्यान न दिया जाना लाफरवाही को प्रदर्शित करता है मिली जानकारी के अनुसार जिले के अनेक छात्रवासों में रीवा की एक फार्म से अग्निशामक यंत्र एक उच्चारधिकारी द्वारा नियम विरूद्ध खरीदकर छात्रवासों को दे दिया गया है जिसका भुगतान छात्रवासों से कराया गया है जो जांच का विषय है।




## एकल अभियान संभाग महाकौशल अंचल मण्डला द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



एकल अभियान संभाग महाकौशल अंचल मण्डला संच बीजाडांडी श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में नगर में रामरथ के द्वारा शोभायात्रा निकालकर पूरी नगर में एकल अभियान के समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा जयकारा लगाते हुए पूरे नगर में भ्रमण किया गया जिसकी समापन कार्यक्रम राधा कृष्ण मंदिर में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश सोनी जिला कार्यवाह मुख्य वक्ता यतेंद्र उपाध्याय पश्चिमी प्रभाग रथ प्रभारी श्रीमती अर्पिता उपाध्याय विभाग समरसता प्रमुख जबलपुर एकल अभियान की वरिष्ठ रामस्वरूप नागेश संभाग प्रमुख एकल अभियान की संकल्पना जानकारी दिया गया उमाशंकर साहू हरि कथा अध्यक्ष बीजादंडी कार्यक्रम की व्यवस्था प्रमुख मयंक नामदेव खंड कार्यवाह विजय यादव भगवत मरकाम श्री गणेश परते प्रभाग रथ प्रमुख सुभाषपुरी अर्जुन वाटिया हरीलाल परते पूर्व कार्यकर्ता राजेश तिवारी बिहारी लाल यादव शिक्षक भैया लाल यादव दशरथ यादव एवं समस्त हरि कथा के कार्यकर्ता एवं आचार्य जी इस कार्यक्रम उपस्थित रहे।

## साक्षी सेवा फाउंडेशन ने लगाया शिविर, 100 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण



**निवास।** प्राकृतिक सौंदर्य व जंगल की गोद में नवनिर्मित साक्षी धाम में साक्षी सेवा फाउंडेशन जबलपुर के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन ग्राम पाडरपानी तह निवास जिला मंडला में किया गया। शिविर के संयोजक पीयूष दीक्षित एवं डॉ रोहित बुद्ध राजा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सकों द्वारा मरीजो का निशुल्क परीक्षण किया गया एवं चिकित्सीय परामर्श व दवाइयां दी गईं। साक्षी सेवा के संस्थापक डॉक्टर बद्री प्रसाद द्वारा जबलपुर के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर रमेश खत्री एवं डॉक्टर विकास खत्री का स्वागत किया गया। साक्षी सेवा के अध्यक्ष पीयूष दीक्षित द्वारा बताया गया कि साक्षी आरोग्यम (चेरिटेबल अस्पताल) का निर्माण आरम्भ होने के अवसर पर इस शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें पधारे सभी सहयोगियों एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया गया। शिविर में लगभग 100 मरीजो का नेत्र परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरण के साथ शिविर में आये मरीज व डॉक्टरों को भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। शिविर में पियूष गुप्ता, अमित जैन, रमाकांत वाराणसी, सीए पंकज गुप्ता, अनिकेत बर्मन, अमरदीप सिंग गिल, भानोदया वाराणसी आदि का विशेष सहयोग रहा।

**दिवस** | **युवा दिवस में विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज खैरी, मण्डला में किया गया योगाभ्यास।**

# योग एवं प्राणायाम करने से काया होती है निरोगी

*** वेदान्त एवं योग हैं भारत की पहचान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शासन के आदेशानुसार एवं सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति इंजी. दिवाकर सिंह एवं महाविद्यालय संचालक वीरेश्वर सिंह के निर्देशन मे विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज खैरी, मण्डला में युवा दिवस मनाया गया। पतजंलि योग समिति के प्रशिक्षक सुनील बाली, राजाराम ज्योतिषी एवं विनोद पटेल के मुख्यातिथ्य एवं संस्था प्राचार्य डॉ. आशीष ज्योतिषी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में वन्देमात्रम एवं मध्यप्रदेश गान के साथ पतजंलि योग समिति के सदस्यों द्वारा संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को योग अभ्यास के साथ-साथ सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के तृतीय चरण पर छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर के माध्यम से योग एवं स्वामी जी के चरित्र का प्रदर्शन किया गया। पतजंलि योग समिति के सुनील बाली ने योग प्रशिक्षण देते हुये प्रत्येक योग को करने के उपरांत शरीर में होने वाले परिवर्तन एवं फायदे की विस्तृत रूप से जानकारी दी। अनुलोम, विलोम एवं कपालभारती प्राणायाम से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रोज योग करने का संकल्प लिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. आशीष ज्योतिषी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा है कि नित्य योग करने से निश्चित की हमारी काया में परिवर्तन हो जाता है इसलिये केवल आज के ही दिन नहीं वरन् नित्य योग करना चाहिये साथ ही स्वामी जी के जीवन चरित्र को प्रत्येक छात्र-छात्राओ को आत्मसात करना चाहिये जिससे जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आयेगा और सफलता प्राप्त होगी साथ ही पतजंलि योग समिति के सदस्यों का छात्र-छात्राओं को योग प्रशिक्षण प्रदान करने आभार दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में प्रवीण सिंगरहा, विजयाश्री ठाकुर, नेहा चंदेले, नीरज पटेल, गगन पटेल, अभिलाषा रजक, सतेन्द्र कछवाहा सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रही। मंच संचालन निवृति जैन ने किया।







### भुआबिछिया में भी सूर्य नमस्कार कर मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार कार्यक्रम सुबह 9 बजे जनभागीदारी अध्यक्ष पंकज पुरी गोस्वामी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ श्रीमती राजेश्वरी मरकाम, एलुमिनाई अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल जी,नगर परिषद पार्षद एवं महिला प्रकोष्ठ की सदस्य श्रीमती रजनी मरावी के आतिथ्य में सर्वप्रथम सरस्वती वंदन कर स्वामी विवेकानन्द जी के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया कार्यक्रम के प्रभारी अनूप सिंह परिहार खेल अधिकारी ने सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार कराकर योग व प्राणायाम की मुद्राओं का अभ्यास कराया, तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राएं जो कि संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में शामिल हुई थीं उनका जनभागीदारी अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों द्वारा तिलकवंदन कर स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया, इसी क्रम में प्राध्यापक शंकर लाल धुर्वे द्वारा टी बी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई, तदोपरांत स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो सम्मेलन में दिए गए भाषण का डिजिटल प्रसारण छात्र छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ के साथ देखा गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनभागीदारी अध्यक्ष पंकज पुरी गोस्वामी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को कहा कि उठो जागो और चलते रहो जब तक कि अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लो उसी तरह वे भी अपना लक्ष्य तय करे और उसे प्राप्त होने तक निरंतर प्रयास करते रहे।

## जिला एमेच्योर कुश्ती संघ मण्डला के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता एवं सचिव संदीप कछवाहा मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मध्यप्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के मार्गदर्शन में जिला एमेच्योर कुश्ती संघ मंडला मे विगत 30 वर्षों से संचालित संघ के सचिव चंद्रशेखर सिंधिया के द्वारा आज दिनांक 12 जनवरी को कुश्ती अकादमी महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में बैठक आहूत की गई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला एमेच्योर कुश्ती संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन युवा वर्ग को ध्यान में रखते हुए करना था आज आयोजित बैठक में मंडला जिले से लगभग 140 कुश्ती प्रेमी जो की नारायणगंज, खिरसारू, बम्हनी बंजर, आमानाला, सूर्यकुंड व्यायाम शाला, धर्मशाला व्यायाम शाला, शिव व्यायाम शाला एवं बजरंग व्यायाम शाला साथ ही भारतीय कुश्ती शैली संघ के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं जिले की कुश्ती प्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न हुई साथ ही सभी कुश्ती प्रेमियों ने एक मतेन होकर युवा पीढ़ी को कार्य करने का मौका देने पर बल दिया साथ ही आयोजित बैठक में अपने-अपने विचार रखें बैठक का संचालन बम्हनी बंजर से आए हुए कुश्ती प्रेमी सुमंत उपाध्याय ने किया बैठक में सभापति की भूमिका भारतीय शैली कुश्ती संघ के अध्यक्ष गुलाब मरदरिया दादा ने निभाया और बैठक में पिछले 30 वर्षों से अध्यक्ष पद का भार संभाल रहे विनोद कछवाहा को मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के द्वारा इनकी कार्य कुशलता को देखते हुए इन्हें मध्य प्रदेश कुश्ती संघ का उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया श्री कछवाहा के उपाध्यक्ष का दायित्व संभालने पर जिला अध्यक्ष का पद रिक्त होने पर आज आयोजित बैठक में जिला एमेच्योर कुश्ती संघ के अध्यक्ष का पद एवं सचिव का पद का दायित्व किस व्यक्तित्व को दिया जाए इस पर गहन चर्चा की गई और सर्वसम्मति से शिव व्यायाम शाला अध्यक्ष कुश्ती के प्रति समर्पित समाजसेवी श्री भूपेंद्र गुप्ता जी का नाम प्रस्तावित किया गया जिसका अंत में पूर्व अध्यक्ष विनोद कछवाहा के द्वारा समर्थन करते हुए अध्यक्ष पद का दायित्व श्री गुप्ता को दिया गया जिसका सभी कुश्ती प्रेमियों ने करतल ध्वनी से स्वागत किया साथ ही सचिव का पद कुश्ती के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक मंडला जिले को गौरवान्वित करने वाले श्री संदीप कछवाहा जी को सचिव का कार्यभार सौंपा गया साथ ही भूपेंद्र गुप्ता के द्वारा जिला कुश्ती संघ को और कैसे ऊंचाई के शिखर पर ले जाया जाए इस पर अपने विचार रखें एवं रूपरेखा सभी के समक्ष साझा की कुश्ती के प्रति आपकी रूपरेखा को सुनकर सभी ने इसका स्वागत किया आपके द्वारा सभी को यह अस्वस्थ कराया गया की सभी वरिष्ठ पहलवान एवं मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन में जिला कुश्ती संघ निश्चित रूप से ही पहले से बेहतर तरीके से कार्य करेगी साथ ही आज आयोजित बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कैसे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को एवं युवा पीढ़ी को कुश्ती खेल के प्रति जोड़ा जाए और कैसे दूर दराज के ग्रामीण अंचलों में कुश्ती खेल का विस्तार किया जाए पहलवानों का स्तर कैसे सुधारा जाए इन सभी विषयों पर गहन चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### गांव गांव फैल रही गंदगी को क्यों किया जा रहा है नजरअंदाज, क्या इस सच्चाई के बीच सफल हो पायेगा शासन का स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान...



**कौड़िया।** एक ओर जहां केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुये स्वच्छता के नाम पर करोड़ो रूपया की राशि खर्च की जा रही है। मगर यह स्वच्छता अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां सिर्फ कागजों पर चलते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर खर्च की जा रही राशि सिर्फ बर्बाद होने के आलवा और कुछ साबित होते हुये दिखाई नही पड़ पा रही है? क्योंकि लगभग 6 वर्ष पहले ओडीएफ घोषित हो चुके इस जिले में अधिकारियों द्वारा की जाने वाली अनदेखी का परिणाम इस प्रकार से बन चुका है कि ओडीएफ घोषित जिला पूर्ण रूप से गंदगी युक्त हो चुका है, जिसके चलते वर्तमान समय में सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर चलाये जा रहे संपूर्ण कार्यक्रम मात्र एक दिखाबा साबित होने के साथ साथ शासकीय धन की बर्बादी बन चुका है? क्योंकि ओडीएफ घोषित जिले में शासन द्वारा गांव गांव हर व्यक्ति के घरों में पक्के शौचालयों का निर्माण करने के साथ साथ बाहर से आने वाले लोगों को गांवों से लेकर शहरों में शुलभ शौचालयों का निर्माण कराया गया। वही दूसरी ओर क्षेत्र में संचालित होने वाले शुगर मिलों से लेकर गुड भट्टी के संचालकों को बीते हुये वर्ष स्पष्ट रूप से आदेश जारी किया गया था कि उनकी शुगर मिलों में काम करने के लिये बाहर से आने वाले कर्मचारियों व मजदूरों के लिये शौचालय के उचित प्रबंध मिलों द्वारा ही किये जावेगे, जिसकी समय समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जावेगा और यदि शौचालय संबंधी उचित प्रबंध मौके पर नही पाये गये तो कार्यवाही करने की बात कही गई थी? मगर इस समय शुगर मिलों से लेकर अन्य जगहों पर गंदगी का जो आलम देखने मिल रहा है उससे यह अनुमान लग रहा है कि वर्तमान समय में जिम्मेदार अधिकारियों को स्वच्छता से कोई लेना देना नही है और उनके द्वारा सरकार के इस आदेश का पालन मात्र कागजों पर भी पूरा करना रह गया है? क्योंकि इस समय क्षेत्र की शुगर मिलों सामने हजारों की संख्या में गन्ना की कटाई करने के लिये बाहर से आये हुये मजदूरों को डेरे पडे हुये है। बताया जाता है कि इन बाहरी मजदूरों को शुगर मिलो गुड भट्ठियों द्वारा ही बुलाया गया है। मगर उनके लिये शौचालय संबंधी कोई प्रबंध नही किये जाने के कारण वह संपूर्ण क्षेत्र के खुले मैदान में गंदगी फैलाने से नही चूक रहे है? कुछ इसी प्रकार का हाल अन्य शुगर मिलों से लेकर तहां तहां चल रही गुड भट्ठियों व गांव गांव चल रही गन्ना कटाई के दौरान भी देखने मिल रहा है, जिसके चलते लगातार फैल रही गंदगी के चलते लोगों का शुद्व सांस लेना दुभर हो गया है। मगर इस सच्चाई को जिले से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है उससे निश्चित ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर प्रदेश के मुखिया द्वारा स्वच्छता के लिये किये जा रहे संपूर्ण प्रयासों पर उनके जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर खर्च की जा रही शासकीय राशि भी बर्बाद होने से नही बच पा रही है।

### पांच साल में खत्म हो गए हजारों हरे पेड़



**गाडरवारा।** प्रदेश सरकार हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाकर शहर,क्षेत्र के गांवो में छायादार,फलदार वृक्षो का रोपण करने लोगो को प्रोत्साहित करते है किंतु वृक्षारोपण अभियानो के दौरान हर वर्ष लगाए गए अधिकांश वृक्ष रख रखाव के अभाव में या तो सूख जाते है या फिर जानवरो द्वारा नष्ट कर दिए जाते है। सूत्रो के अनुसार पिछले पॉच साल में शहर व क्षेत्र के गांवो में लगाये गए हजारो पेड़ लोगों की असावधानी से ठूंठ में तब्दील हो चुके है तथा हजारो रूपया खर्च करते हुए पंचायतों में चलाया गया हरियाली महात्सव का क्या हाल यह बात किसी से छीपी हुई नही है, आज यदि उन पौधों को देखा जावे तो ट्री गार्ड में पेडो की जगह मात्र गाजर घास ही नजर आ रही है, जिससे पौधारोपण के अभियानो के महत्व पर सवालिया निशान लग रहा है। बताया जाता है कि शहर की शैक्षणिक संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयो के इर्दगिर्द पूर्व में नेताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियो ने आम, नीम, गुलमुहार, फूलो के जो पौधे लगाए थे,उनको खाद,पानी की व्यवस्था न होने से वे सूख गए है तथा उनमें लगाए गए ट्री गार्ड कबाड़ी की दुकानो पर पड़े दिखायी पड़ रहे है। विदित हो कि क्षेत्र में वन विभाग की ओर से शासन के निर्देशानुसार बीते हुए वर्षो में लगभग 40 हजार पौधो का रोपण जंगल क्षेत्र में कराया था तथा शिक्षा संस्थाओं के परिसरो में बड़ी संस्था में पौधारोपण किया गया था, लेकिन विडम्बना की बात है कि शालाओं में रोपे गए पौधो की सुरक्षा में कोताही बरती जा रही है, जिससे हरियाली बिखेरने वाले ये पौधे असमय सूखते चले जा रहे है, शहरवासियो ने विभिन्न शालाओं के प्राचार्यो से शालाओं के परिसरो में रोपे गए पौधो को सलामत रखने की व्यवस्थाएॅ करने की गुहार लगायी है।

### आखिर में जल विहीन नहरों का क्या औचित्य, जब किसानों को मौके पर नहीं मिल पा रहा है पानी



**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र का किसान नही मिल पाने के कारण अपनी फसलों को लेकर परेशान देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर स्थिति इस प्रकार से है कि वह आगामी फसलों की तैयारियों को लेकर पानी की व्यवस्था तक पूरी करने में असमर्थ महसूस करने से नही चूक रहे है, मगर वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र में जहां शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए क्षेत्र के किसानों के खेतों में से नहरों का निर्माण तो कर दिया गया है, मगर उन नहरों में जरूरत के समय पानी नही आने के कारण उनके औचित्य पर भी सबाल खड़े होने लगे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब क्षेत्र में नहरों के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी उस समय क्षेत्र के किसानों के चेहरों में इस सोच के साथ खुशी झलक रही थी कि क्षेत्र में नहरों का निर्माण होने के कारण उनकी जिन्दगी संभल जावेगी? जब नहरों से पानी आवेगा तो वह अपने खेतों में भर पूर फसल लेते हुए खुशहाली से झूम उठेगे( मगर इस समय वह खुशी उनके लिए मात्र एक सपना ही साबित हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में बनी हुई नहरे मात्र उन्हें चिडाते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में करोड़ो की लागत से बनी हुई नजरों में पानी नही छोड़े जाने के कारण लोगों कह रहे है कि आखिर में जब नहरें बन ही चुकी है तो फिर इसका लाभ क्षेत्र के किसानों को मिल क्यों नही रहा है क्या यह नहरें सिर्फ दिखाने के लिए ही बनाई गई थी? जो आज मुश्किल के समय किसानों को उपयोगी साबित नही हो रही है तो फिर इनके निर्माण का मतलब ही क्या रह गया है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो नहरों के निर्माण के बाद संबंधित विभाग द्वारा न तो इनकी सफाई की ओर किसी प्रकार से ध्यान दिया गया है और न ही उन्हें चालू किये जाने की ओर कोई पहल की जा रही है, जिसके चलते उनकी उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ देखा जा रहा है? क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि समय रहते हुए इन नहरों में पानी नही छोड़ा गया तो इसके खिलाफ क्षेत्र के लोगों द्वारा आंदोलन जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसके जिम्मेदार नहर विभाग के अधिकारी व नेतागण होगे?

## मौसम की मार अन्नदाताओं पर पड़ रही भारी, रविवार की सुबह अचानक बैमौसम बारिश होने के चलते किसानों का गन्ना कार्य प्रभावित होने के साथ फसलों पर पड़ रहा असर..





सालीचौका

क्षेत्र का किसान जिस प्रकार से बीते हुये कुछ वर्षो से लगातार प्रकृति की मार झेलते हुये रात दिन एक करते हुये मेहनत करने में जुटा हुआ है। मगर इस समय देखा जा रहा है कि जिस तरह आसमान पर छाने वाले बादलों से यह अनुमान लगने से चूक पा रहा है कि शायद प्रकृति की मार इन किसानों का पीछा नही छोडेगी और आसमान की ओर देखकर किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है..? क्योंकि इस समय आये जहां आसमान पर अचानक बादल छाये हुये दिखाई देने लगते और जहां तहां बारिश होने की खबर मिलते ही किसानों की रात की नींद गायब होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर प्रतिदिन बन बिगड़ रहे मौसम के चलते किसानों के खेतों में तैयार हो रही फसलों में इल्ली का प्रकोप दिखाई देना भी शुरू हो चुका है। क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि जब सारी परेशानियों को झेलने के बाद कसानों द्वारा अपने खेतों में इस उम्मीद के साथ फसल की बोनी की जाती है कि शायद इस बार उनका भाग्य संभल जावेगा और प्रकृति साथ दे देगी। मगर जब खेतों में फसले तैयार होने लगती है तो प्रकृति का खेल इस प्रकार से देखने मिलता है कि किसानों की रातों की नींद गायब होने से नही बच पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में जहां चना, गेंहू, मसूर सहित अन्य प्रकार की फसले तैयार होते हुये दिखाई पड़ रही है तो अनेक जगहों पर किसानों ने अपने खेतों में राहर फसल लगाई गई थी वह कटने के लिये तैयार होकर खड़ी है। वही दूसरी ओर जिन किसानों के खेतों में गन्ना फसल लगी हुई है उसकी पिराई का कार्य जोरो पर चल रहा है। मगर जिस तरह मौसम देश दुनियाँ का पेट भरने वाले अन्नदाताओं के साथ खिलबाड़ करते हुये देखा जा रहा है उसके चलते बेचारा अन्नदाता प्रकृति की मार झेलने के लिये मजबूर हो रहा है। क्योंकि कुछ दिनों पहले हुई बैमौसम बारिश के चलते किसानों के खेती के कार्य प्रभावित होने से नही चूक पाये थें। मगर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अब मौसम साथ दे देगे। मगर कल रविवार को अचानक सुबह बारिश होने के चलते मौसम द्वारा पलटी मारकर अन्नदाताओं के लिये फिर चिंता में डाल दिया गया है। क्योंकि बादलों का डेरा रहने से जहां फसलों में इल्ली का प्रकोप बढ़ रहा है तो दूसरी ओर ठंड में भी ब्रेक लगने से फसल तैयार होने की गति पर अंकुश लग रहा है। क्योंकि किसानों के खेतों में बोई गये चना, मसूर, गेंहू सहित अन्य फसलों के कारण संपूर्ण प्रकृति हरियाली से सराबोर हो रही है उसे लूटने में देर नही लगेगी। क्योंकि बीते हुये दिन हुई अचानक बारिश ने किसानों की फसलों को काफी हद तक क्षति पहुंचात हुये प्रभावित किया जा चुका है। इस तरह आसमान पर बदली छाने



के कारण ठंड में रूकावट का महौल निर्मित हो रहा है उसके कारण किसानों के खेतों में लहलहाती हुई फसलों में इल्ली सहित अन्य प्रकार के रोग लगते हुये देखे जा रहे है और अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर किसान अनेक प्रकार से कीट नाशक दबाईयों का छिड़काव करने के लिये मजबूर हो रहा है। इस स्थिति में किसानों को आर्थिक कठिनाईयाँ भी झेलना पड़ रही है। इस प्रकार से प्रकृति की मार झेल रही किसान आसमान पर छाने वाले बादलों को देखकर सुखमन से रोटी तक नही खा पा रहा है। क्योंकि दिसम्बर जनबरी माह चना, मसूर सहित इस सीजन की फसलों के लिये प्रमुख माना जाता है। इन महिनों में पड़ने वाली ठंड के चलते ही फसलों की जिन्दगी निर्धारित होती है। मगर आसमान में छाने वाले बादल जिस तरह ठंड में रूकावट बनने के साथ साथ बारिश की संभावना पैदा कर रहे है। वह निश्चित तौर से किसानों के लिये चिंता पैदा करते हुये दिखाई पड़ने लगे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय देखा जा रहा है कि जब किसानों द्वारा अपने खेतों में बोई गई चना, मसूर, गेंहू सहित अन्य फसलों का हाल इस तरह से बना हुआ है कि मौसम के मिजाज के कारण जहां अनेक प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ रहे है तो दूसरी ओर उन्हें जंगली जानवर द्वारा तो लगातार क्षति पहुंचाई ही जा रही है जिनकी सुरक्षा में किसान रात दिन अच्छी नींद लेकर सो तक नही पा रहे है तो दूसरी ओर प्रकृति द्वारा की जा रही खिलबाड़ किसानों के



चेहरों पर चिंता की लकीर निकाल रहा है। इस प्रकार से लगातार बन बिगड़ रहे मौसम से फिर क्षेत्र के किसानों को इस बात की चिंता सताने से नही चूक रही है कि कही ऐसा न हो कि उनके खेतों में हरियाली से लहलहाती हुई फसलों पर फिर प्रकृति की मार न पड़ जावे और क्षेत्र का किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच जावे? इस संबंध में जब क्षेत्र के किसानों से हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा की गई तो क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस वर्ष प्रकृति ने जिस प्रकार से खेल खेला गया है उसके चलते निश्चित किसानों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। क्योंकि जब किसानों द्वारा अपने खेतों में सोयाबीन व धान फसल लगाई गई थी उस समय जब जरूरत थी उस दौरान अच्छी बारिश नही हुई जिससे सोया बीन सहित धान की फसल काफी हद तक प्रभावित हो जाने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि इस सीजन में प्रकृति साथ देगी। मगर इस समय जिस प्रकार से प्रतिदिन मौसम बन बिगड़ रहा है उससे लगा रहा है कि आब किसानों को बर्बाद होने से कोई नही बचा पायेगा। ठंड का मौसम स्वास्थ्य और फसलो के लिए बेहतर माना जाता है। मगर आसमान में लगातार छाने वाले बादलों के कारण इस वर्ष फसलों के लिये काफी दुखदायी साबित हो रहा है। क्योंकि बादलों के रहने से फसलें अनेक प्रकार की बीमारियों की गिरप्त में आते आ रही है और इसी कारण खेतों में तैयार हो रही फसलों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ लगने के कारण उनकी सुरक्षा को लेकर किसान लगातार कर्ज उठाते हुये लागत लगा रहा है।

## नल जल योजना के नाम पर खोदी जा रही सड़कों के चलते सालीचौका नगर की बिगड़ रही सूरत





**सालीचौका।** नगर में नर्मदा जल कब आ पायेगा और आ पाता है कि नही इस बात की भी कोई गारंटी नही है। मगर इस समय नर्मदा जल लाने के लिये जिस तरह से लाखों रूपया की लागत से बनी हुई सड़को की खुदाई की जा रही है उसके चलते जरूर सालीचौका नगर की सूरत बदहाल होने से नही चूक पा रही है? बताया जाता है कि जल सप्लाई करने के लिये निर्माण करने आई हुई कंपनी द्वारा जिस तरह से मजबूज सड़को के बीचों बीच से खुदाई करते हुये उन्हें तहस नहस कर दिया गया है उसके चलते लोगों के वाहन निकलने की बात तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। इस तरह शहर के सड़को की खुदाई करते हुये उन्हें बदहाल बनाये जाने के कारण जहां नगर के व्यापारियों का धंधा प्रभावित होने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर लोगों को अपने घरों तक वाहन ले जाना भी मुश्किल हो रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से सड़को की खुदाई किये जाने के चलते नगर पालिका प्रशासन को भी लाखों की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। मगर जब भी इस तरह इस योजना को लेकर चर्चा की जाती है तो सिर्फ जिम्मेदारों के मुंह से एक ही बात सुनने मिलती है कि इस योजना का आदेश तो ऊपर से ही आया है इसमें हम क्या कर सकते है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो योजना के नाम पर किये जाने वाले कार्य को पूर्ण करने के लिये आये हुये एजेन्सी द्वारा न तो योजना से संबंधित कोई वोर्ड स्थापित किया जाता रहा है और न ही निर्माण के संबंध में किस गुणवत्ता के साथ काम करने के नियम है उस सच्चाई से अवगत कराया जा रहा है? जिसके चलते जहां निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी पूर्णरूप से मनमाना पूर्ण रवैया अपनाते हुये लाखों की लागत से बनी हुई सड़को को छल्लनी करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। जबकि नियम के अनुसार तो यह बताया जाता है कि शहर के अंदर इस योजना के तहत विछाई जाने वाली पाईप लाईन के लिये सड़क के किनारे मजदूरों के माध्यम से खुदाई कराई जावेगी, जिससे सड़को को छति न पहुंचे और आसपास रहने वाले लोगों को भी किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर न होना पड़े? मगर यहां पर धडल्ले से मशीनों के माध्यम से सड़को के बीचों बीच खुदाई करते हुये देखा जा रहा है जो वर्तमान समय में यह योजना आमजन के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर भविष्य में नगरवासियों के लिये परेशानी का कारण साबित होते हुये देखी जावेगी? क्योंकि शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में चल रहे इस कार्य को लेकर आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मगर भयानक स्थिति उस समय देखने मिलती है जब सालीचौका में रविवार व गुरूवार के दिन हाट बाजार के चलते दुकानदार मुख्य मार्ग पर अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये रोजी रोटी कमाने के लिये मजबूर होकर रहे जाते है। नल जल योजना के तहत चल रहे खुदाई के कारण मुख्य बाजार में जाम के हाल निर्मित होने के कारण पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सच्चाई को जिस तरह नजर अंदाज किया जाता है जिसे आम लोगों परेशानियों से जूझते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर यहां पर बैमौसम वर्षा जिस तरह कब्जा जमाये हुये है उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र की स्थिति बदहाल होने से नही चूक पा रही है। लोगों का कहना है कि यदि वर्षा का यही हाल बना रहा तो क्षेत्र का भगवान ही मालिक है..?

## अठारह लाख से अधिक लागत से बनाये गये सार्वजनिक शौचालय का हुआ शुभारंभ



**गाडरवारा।** नगर की पुरानी गल्ला मंडी इस तरह का स्थान है जहां पर नगर के लोग एकत्र होने के साथ साथ गांवों से आने वाले लोगों को दिन भर यहां पर मौजूद रहते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर यहां पर राजनैतिक व सामाजिक कार्यक्रम भी आये दिन होते रहते है। मगर यहां मौजूद होने वाले लोगों को लम्बे समय से सार्वजनिक शौचालय की कमी खल रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुये नगर पालिका द्वारा आम लोगों को जरूरत की सुविधाये उपलब्ध कराये जाने के लिये लगभग 18 लाख 18 हजार 971 रूपया की लागत से शौचालय का निर्माण कराया गया है। बताया जाता है कि नगर के जगदीश वार्ड पुरानी गल्ला मंडी में नगर पालिका परिषद द्वारा निर्माण किए गए सार्वजनिक शौचालय का उदघाटन बीते हुये दिवस नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा अतिथियों ने फीता काटकर किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि सार्वजनिक शौचालय की उपलब्धता से आम नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा। क्योंकि यहां पर प्रतिदिन नगर के साथ साथ दूर दराज के गांवों के लोग आते है। मगर शौचालय नही होने के कारण उन्हें परेशाना होना पड़ता था। इसी के चलते इस सावजानिक शौचालय का निर्माण किया गया है। मगर अब इसे साफ सुधरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। क्योंकि नगर पालिका परिषद द्वारा विकास की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे है गाडरवारा नगर को सुंदर एवं विकसित शहर बनाया जाएगा । वही सार्वजनिक शौचालय के ऊपर रेन बसेरा बनाने की मांग की गई है उस मांग को जल्द पूरा कर वहां पर रेन बसेरा का निर्माण कराया जाएगा । वही कार्यक्रम में मौजूद नगर पालिका उपाध्यक्ष वैशाली रीतेश राय ने कहा कि आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुरानी गल्ला मंडी जगदीश वार्ड में सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया है। नगर पालिका परिषद की साफ सफाई विभाग की टीम शौचालय की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देगी । इस मौके पर चंद्रकांत शर्मा, नपा सभापति सुरेंद्र गुर्जर, पार्षद व पूर्व नपा उपाध्यक्ष कमल खटीक ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर की मूलभूत सुविधाओं पर नजर रखते हुए विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है । नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों की पूरी टीम पूरे नगर में विकास कार्यो को प्राथमिकता दे रही है । जगदीश वार्ड पार्षद पूजा प्रवेश राय की मांग पर स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराकर विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है । इस कार्यक्रम मे भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार पालिवाल, ज्ञान कोचर , गोपाल राय ,सत्तार ख़ान, पार्षद आनंद दुबे, रीतेश राय, कमलेश विश्वकर्मा, मंगल जाटव के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, नपा इंजी.हिमांशु अतुलकर , विशाल राठौर सहित अनेक पार्षद पतिगण भी मौजूद थें।

### स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों को यादकर मनाई जयंती



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समाजसेवी संगठन श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति एवं युवा शक्ति जागरण मंच के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। शहर की एक मात्र आमगांव तिराहा स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर उपस्थित जनों द्वारा दीप प्रज्जलित कर माल्यार्पण किया गया। तदपश्चात राष्ट्रीय गान गाकर सलामी दी गई तथा इसके बाद विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विवेकानंद पर तीन पुस्तक लिख चुके समिति संस्थापक आशीष राय, अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया, पूर्व प्राचार्य राजेश बरसैंया, समाजसेवी अनिल राठी, डॉ कमलेश सोनी, बाबूलाल जाटव, बबलू दवाईवाला सहित अन्य लोगों ने उनके विचारों को प्रगट करते हुए कहा कि हर युवाओं को उनका अनुशरण करते हुए सफलता के मुकाम को हासिल करना चाहिए। क्योंकि उनका उपदेश उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। स्वामी विवेकानंद ने ये अनमोल बात राष्ट्रीयता की भावना को जागृत करने और देश को तरक्की के मुहाने पर ले जाने के उद्देश्य से कही थी। इस अवसर पर समिति सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## शिक्षा मंत्री सिंह ने किया नगर में आयोजित राजस्थानी मेले का भ्रमण





**गाडरवारा।** स्थानीय सुखदेव भवन में माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित रंगीला राजस्थानी मेला का बीते हुये दिवस क्षेत्र के विधायक मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शिरकत कर मेले का भ्रमण करते हुए इस आयोजन की तारीफ करते हुये उन्होंने कहा की माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा लगातार 12 वर्षो से राजस्थानी मेले का आयोजन किया जा रहा है वह सराहनीय है। महिला मंडल की सक्रियता उनकी मेहनत से राजस्थानी मेला निरंतर प्रगति की और अग्रसर हो रहा है । ऐसे कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है । राजस्थानी मेले में महेश्वरी मंडल द्वारा मोती की माला पहनाकर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया गया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए माहेश्वरी महिला मंडल की जिला अध्यक्ष सुधा पलोड ने बताया कि माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा सेवाभाव के साथ महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष अनुराधा काबरा ने कहा कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने महिला मंडल के आग्रह पर राजस्थानी मेले में उपस्थित होकर महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए जो समय दिया उसके लिए माहेश्वरी समाज आभारी है । इस अव सर पर ब्रजरत्न काबरा, सुरेश राठी, नवनीत पलोड़, श्याम राठी, अशोक मौलासरिया, अजय काबरा , मुरली मालानी, गोकुल दास काबरा, राधा वल्लभ क़ाबरा, रजनीश क़ाबरा , बबलू क़ाबरा, अंकित पलोड, राजेन्द्र मालपानी गुड्डा भाई , बृजेश काबरा, विनीत क़ाबरा, राजेंद्र मालपानी, ओम क़ाबरा सहित अन्य लोग मौजूद थें। उक्त कार्यक्रम के पश्चात कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह आम नागरिकों से मिले और उनकी समस्याएं सुनी इसके साथ ही नगर में शोकाकुल परिवारों में पहुचे और शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई।

## सांगई में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**गाडरवारा।** रविवार को युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्कूलों मे सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का संदेश सुना एवं शिक्षक मधुसूदन पटैल के निर्देशन मे सभी ने प्राणायाम किये एवं पटैल के द्वारा योग का महत्व को समझाते हुये कहा कि योग क्रिया से लोग अनेक गंभीर बीमारियों से निजात पाने के साथ साथ अपने शरीर को स्वास्थ्य बना सकते है।



शासन के आदेश पर हर साल 12 जनवरी को स्कूलों में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाता है। मगर यदि इसे लोग अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुये प्रतिदिन करे तो निश्चित ही उसके परिणाम लाभ दायिक साबित होने से नही चूकेगे। वही कार्यक्रम के अंत मे राष्ट्रगान हुआ।

## दम तोड़ रही युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं, बैकों में जाकर अटक रहे फाईले

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि यह योजनाएं बैंको की मनमानी के चलते दम तोड़ रही है? गौर किया जावे तो अनेक रोजगार मूलक योजनाओं के आंकड़े बेहद चौकाने वाले है जो हर वर्ष बैंको की हठधर्मी की वजह से योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है? ऐसे में युवा की जिन्दगी संभालने के लिये चलाई जाने वाली योजनाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे है। स्वरोजगार पाने की खातिर अनेक युवा बैंको के चक्कर काट काट कर परेशान होकर थक गये है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शिक्षित बेरोजगारो की उम्मीदे दम तोड़नें लगी है? बैंको द्वारा सहयोग नहीं किये जाने से विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण प्रकरणो में से आाधे हितग्राही भी लाभांवित नही हो पाते, बैंको में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण भेजने के बाद वहां से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण मिलना टेडी खीर साबित हो रहा है?

## खबर संक्षेप

### खुले ट्रांसफार्मर, लटकते तार, हादसे का इंतजार

डिंडोरी। जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरी माल में जर्जर तारों ओर लटकते तारो से लोगों को हादसे का डर बना हुआ है। शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं होने से लोगों के बीच आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करना चाहे हम पर फोन नहीं उठा रहे है। बड़ी मुश्किल से फोन उठाया गया तो लटकते तार को ठीक करा देंगे करके पिछले कई दिनों से अभी तक कोई ठीक नहीं हुई जैसा का तैसा है।जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी माल में स्कूल ग्राउंड के पास लगे ट्रांसफार्मर में तारों का मकड़जाल फैला हुआ है। तार लटकते हुए दिखाई दे रहे है। आलम यह है कि यह लटकती तार टूटकर नीचे गिर जाते हैं। कई बार लोग हादसे होने से भी बचे हैं। वहीं एक बार एक बैल की मौत भी हो चुकी है इसी बजाय से। वहीं दूसरी ओर इन ट्रांसफार्मरो के पास लगी बेरिकेडिंग टूट गई है। जिसे कई महीनों से नहीं सुधरवाया गया है। ऐसे में वृद्ध और आंगनवाड़ी स्कूल ग्राउंड में खेलने वाले बच्चे, स्कूल जाने वाले बच्चों के करंट की चपेट में आने का खतरा हमेशा रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार पावर कारपोरेशन के अधिकारियों से शिकायत कर उक्त समस्याओं के समाधान की मांग की गई। जिसके बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ है।

### पूर्व सरपंच ने शराब के नशे में सीईओ को मारा धक्का



डिंडौरी न्यूज। शनिवार को करंजिया जनपद पंचायत क्षेत्र के जुगदेही ग्राम पंचायत में आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण कारी शिविर में कार्यक्रम समाप्ति के दौरान पूर्व सरपंच सी ई ओ से विवाद करने लगे और धक्का दे दिया ।सी ई ओ का बचाव करने कर्मचारी आए।इसके बाद सी ई ओ कार्यक्रम से बाहर निकल पाए।उसका वीडियो अब सामने आया है।

**सी ई ओ बोले समस्या को लेकर करने लगे विवाद ,सुबह फोन पर माफी मांगी ,इसलिए नहीं की शिकायत -** करंजिया जनपद सी ई ओ रघुवीर सिंह कुशवाहा ने बताया कि जुगदेही ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच अभय परस्ते शराब के नशे में थे।मै कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा कर रहा था।इसी दौरान बोलने लगे कि जब तक पूरी समस्या का समाधान नहीं हो जाता ,तब तक नहीं जा सकते। गाली गलौज कर रहे थे। वहां मौजूद कर्मचारी बीच बचाव करने आ गए।इतने में पूर्व सरपंच ने मुझे धक्का दे दिया तो मैं नीचे गिर गया।हालांकि सुबह फोन लगाकर माफी मांग रहे थे।मैने अभी तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करवाई है।

### सारसडोली के स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार



शहपुरा। डिंडोरी जिला अन्तर्गत मेंहदवानी ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसडोली में आज 12 जनवरी दिन रविवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया साथ ही स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन उत्साह के साथ मनाया गया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में छात्रों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। सारसडोली स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।इस अवसर पर छात्रों को योग के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट योग और सूर्य नमस्कार करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। योग से जीवन में होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस तरह स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और वैज्ञानिक सोच को एक साथ प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

### एनसीसी ए सर्टिफिकेट की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न



शहपुरा। जबलपुर एनसीसी ग्रुप के अंतर्गत कंपोजिट टेक्निकल रेजीमेंट की कमांडिंग आफिसर कर्नल अमृता सिंह के निर्देशन में विद्यालयों की जूनियर विंग से संबंधित एन सी सी "ए" सर्टिफिकेट की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न हुई जिसमें फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, ड्रिल एवम हथियार का खोलना, जोड़ना आदि विषयों की बारीकी से परीक्षा संपन्न कराई गई। इस दौरान पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डिन्डौरी के प्राचार्य डॉ हर्षप्रताप सिंह एन सी सी अधिकारी चीफ ऑफिसर अनुपमा पी सुंदरम,सेकंड ऑफिसर तेवाराम धुर्वे, सेकंड ऑफिसर अनिल झारिया एवं सूबेदार रामाश्रय सिंह, सी एच एम श्याम गोखले और हवलदार आर एन कुशवाहा मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर सूर्य नमस्कार और प्राणायाम उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित

## भारी संख्या में बच्चों और अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधियों ने किया सूर्य नमस्कार

डिंडोरी।

**स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संख्या में छात्र-छात्राओं सहित अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिधियों ने पूरे उत्साह से सामूहिक नमस्कार के कार्यक्रम में हिस्सा लिया।**



शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, जनपद पंचायत श्रीमती आशा धुर्वे, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, आशीष वैश्य, आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी रतिराम सिन्द्राम, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, बीईओ सोनी, आशीष पाण्डेय, पीएस राजपूत, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस के द्विवेदी, योग प्रशिक्षक मिथलेश झारिया, नेहा उरैती, राकेश सिहारे एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया। साथ ही साथ पतंजलि समिति के समस्त सदस्य जिला सदस्य एवं जिला योगा संघ के सचिव रत्नेश बिलैया एवं उनकी टीम के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आकाशवाणी से प्रसारित अपने संदेश में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों से योग को अपनाने एवं राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने युवा दिवस की शुभकामनाएं भी प्रदेशवासियों को अपने संदेश में दी। सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम के प्रारम्भ में राष्ट्र गीत वन्देमातरम और मध्यप्रदेश गान का रेडियो से प्रसारण किया गया। स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण का हिंदी अनुवाद भी कार्यक्रम में प्रसारित किया गया। आकाशवाणी भोपाल से प्रसारित सन्देश के अनुरूप स्कूली बच्चों ने सूर्य नमस्कार के आसन किये साथ ही प्राणायाम भी किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की प्रस्तुति से हुआ। सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम के समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन पुरूषोत्तम राजपूत ने किया। जिले के मुख्य कार्यक्रम के साथ ही जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सभी शैक्षणिक संस्थाओं में भी आज सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## युवा दिवस पर विक्रमपुर कन्या हाई स्कूल में किया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**डिंडोरी।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के सभी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार का का आयोजन किया गया इसी तारतम्य में कन्या हाई स्कूल विक्रमपुर एवं नुनखान हाई स्कूल में युवा दिवस के अवसर सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रीयगीत वंदे _मातरम ,स्वामी विवेकानंद जी का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया इसके बाद रेडियो प्रसारण में दिए गए संकेतो के अनुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम दोनों ही हाई स्कूल के शिक्षक जनप्रतिनिधि वा छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया इस अवसर पर जनपद सदस्य राकेश परस्ते ,शशि गुप्ता ,रामानुज राव ,कुलपत सिंह सरोते ,प्राचार्य वी , डी, कुशवाहा कन्या हाई स्कूल विक्रमपुर जन शिक्षक राजेश ठाकुर, रामगरीब परस्ते , मंगल झरिया ,शिक्षक स्टाप मनोरमा मरावी,मधु मरकाम,जयंती धुर्वे,विशाखा सिंह,प्रियंका यादव, गौतम सिंह पट्टा, कृष्णा पट्टा,सुधीर यादव,प्रेम सिंह कुशराम , सम्हर सिंह मसराम,घनश्याम धुर्वे,माया मार्को,के साथ छात्रऐं उपस्थित रहीं।



# एसपी कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन






डिंडोरी k

मध्यप्रदेश पुलिस प्रशासन के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय एसपी कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी 2025 से शुभारंभ किया गया। उक्त प्रतियोगिता में रॉयल चैलेंजर बजाग, एसएएफ सुपर स्टीकर, शाहपुर ब्लास्टर, शहपुरा सन राईजर्स एसपी ऑफिस 11, करंजिया पेन्थर, कोतवाली नाइट राइडर्स, पुलिस लाइन केपिटल भाग ले रहीं है। यह प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से 12 तक प्रतिदिन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 10-10 ओवर से खेली जा रही है। इस प्रतियोगिता में केवल पुलिस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, चैकी प्रभारी एवं पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारी बडी रूचि के साथ भाग ले रहे हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्देश्य जिला पुलिस बल को शारीरिक, मानसिक, तनावपूर्ण मुक्ति हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के विशेष नवाचार के तहत इनडोर खेल मैदान में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आज रविवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता मैदान में पहुंचकर टीम करंजिया पेन्थर सुपर एसएएफ सुपर स्टीकर्स के मध्य होने वाले मैच के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। साथ में मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, रक्षित निरीक्षक अभिनव राय, कोतवाली प्रभारी दुर्गाप्रसाद नगपुरे, थाना शहपुरा प्रभारी अनुराग जामदार, मनोज धुर्वे, ब्रजेश त्रिपाठी, एस के पदम, खेल और युवा कल्याण विभाग से चेतराम अहिरवार एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों को खेल प्रमाण पत्र, ट्रॉफी, मैडल से सम्मानित किया जाएगा।

# युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार एवं योग पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम संपन्न

अमरपुर।



शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार एवं योग पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम संस्था प्रभारी संदीप सिंह के निर्देशन में संपन्न किया गया। खेल प्रभारी डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में योग अभ्यास कराया गया। छात्र छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर "स्वामी विवेकानन्द युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा," विषय पर भाषण दिए गए। इसके साथ ही विवेकानन्द के शिकागो व्याख्यान वीडियो का लैपटॉप के माध्यम से प्रसारण उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को दिखाया गया। बीए द्वितीय वर्ष के छात्र सेवंत परस्ते द्वारा स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक क्षेत्र में दिए गए योगदान पर भाषण दिया गया। वहीं पर हेमंत द्वारा स्वामी जी के भारतीय युवाओं के प्रति प्रेरक विचारों से संबंधित वक्तव्य दिए गए। स्वामी विवेकानन्द मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी देव प्रकाश उईके ने युवा दिवस के अवसर पर विवेकानन्द के प्रेरक विचारों की वैश्विक पटल पर उपयोगिता एवं वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर उद्बोधन दिया गया। आयोजित कार्यक्रम के समापन पर एनएनएस प्रभारी रूपेंद्र वरकड़े द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. सीमा सत्या, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, हुस्नआरा अंसारी, डॉ. कंचन ताम्रकार, ओमकार वाटिवा, पुर्णिमा आदि एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र हेमेश्वर विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

# दो दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम का हुआ आयोजन




डिंडोरी।

सामान्य वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर में दो दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन वन ग्राम रजनी सरई के कंजोड़ फॉल और गौराकंहारी के डागौना जल प्रपात में आयोजित किया गया और शासकीय विद्यालय गौराकंहारी, रंजरा,बंजरा, माध्यमिक और प्राथमिक शाला धुरकुटा,अजगर के छात्र छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम अन्तर्गत वन अधिकारियों की उपस्थिति में वनक्षेत्र का भ्रमण करवाया गया।इस दौरान वनों से संबंधित विभिन्न जानकारियां देते हुए वनों के प्रति जागरूक किया गया।इसके साथ ही वन अमले ने विद्यार्थियों को जंगल और जंगली जानवरों के महत्व की जानकारी प्रदान की, घरेलू ईंधन निस्तार हेतु हरे भरे बृक्षों को काटने की जगह जंगल मे बेकार पड़ी सूखी लकड़ी के उपयोग की जानकारी देते हुए उन्हें वनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया।इस दौरान कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य, सयुंक्त वन प्रबंधन, वन विभाग के कार्य, प्राकृतिक वातावरण में जीव और पक्षी दर्शन, विभिन्न प्रकार के वृक्षों की पहचान, उनके वैज्ञानिक नाम तथा औषधीय गुण की जानकारियाँ भी प्रदान की गईं।जानकारी के मुताबिक अनुभूति कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, पर्यावरण से संबंधित गीत के माध्यम से छात्राओं के ज्ञान को परखा गया। बालक बालिकाओं में वनों के विषय में जानकारियों से संबंधित प्रश्नों की प्रतियोगिता की गई और सही जवाब और जानकारी देने वाले छात्रों, तथा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को शील्ड और पुरस्कार देकर वन विभाग द्वारा प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सभी छात्र छात्राओं के सात उपस्थित विभागीय अमले के भोजन की व्यवस्था की गई थी।वन मंडल अधिकारी पुनीत सोनकर के निर्देशन में आयोजित अनुभूति कार्यक्रम में पद्मश्री अर्जुन सिंह धुर्वे, सरपंच राम कुमार,सरपंच गौराकंहारी सुम्मल सिंह धुर्वे,रेंजर रेवा सिंह परस्ते के साथ रेंज दक्षिण समनापुर के वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी और विद्यायल प्राचार्य मौजूद रहे।

# मप्र जन अभियान परिषद मेंहदवानी के द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी



रविवार 12 जनवरी को सी.एम.सी.एल.डी.पी. की रविवारीय कक्षा में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर महाविद्यालय मेंहदवानी में सूर्य नमस्कार का सामूहिक आयोजन किया गया तथा स्वामी विवेकानंद पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय- मेंहदवानी के प्रभारी प्राचार्य श्री लेखराम पटेल सर, विकाश खंड समन्वयक श्रीमती सुशीला ठाकुर, मेंटर्स श्री चिरौंजी लाल बसल ,श्री देवेश धनंजय, श्री निर्मल मरकाम, श्री दीपेन्द्र साहू, श्री नितीश साहू एवं उपस्थित छात्रों द्वारा अपनी सहभागिग देते हुये क्रमशः स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया।सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र-छात्राओं को कराया एक्पोजर विजिट म०प्र० जन अभियान परिषद, विकास खण्ड मेंहदवानी के अंतर्गत संचालित सी. एम. सी. एल. डी. पी. के छात्रों द्वारा रविवारीय कक्षा के दौरान ग्राम पंचायत चिरपोटी के पोषक ग्राम घुघरा टोला में स्थित किकरकुण्ड जल प्रपाल का एक्पोजर विजीट किया गया साथ ही इस दर्शनीय स्थल के इतिहास के बारे में भी वहाँ स्थान में निवासरत संत के द्वारा बताया गया, इसी के साथ ही आश्रम में ही ₹ग्राम उत्सव' कार्यक्रम को लेकर भी सरपंच, सचिव, ग्राम के वरिष्ठ जनों एवं महिलाओं व विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद सभी मेंटर्स एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा बैठक में अपनी सहभागिता प्रदान किया गया।



### शहपुरा में गैस से भरे टैंकर और दूसरे वाहन की भिड़ंत होते होते बची

शहपुरा। मिली जानकारी अनुसार नेशनल हाईवे डिंडोरी जिला के जबलपुर अमरकंटक मार्ग शहपुरा नगर का है जहां शहीद स्मारक के पास गैस टैंकर और दूसरे वाहन की भिडंत होते होते टली जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई और शहपुरा बस स्टैंड से लेकर उमरिया तिराहा नाका तक जाम लगी रही यातायात बाधित रहा आपको बता दे कि यह घटना सुबह लगभग 11:00 बजे की बताई जा रही है मिली जानकारी अनुसार सुबह-सुबह गैस से भरा टैंकर और एक वाहन भिडंत होते होते टली

# मेंहदवानी में विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

रविवार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी के समस्त विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंहदवानी, शासकीय मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल मेंहदवानी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मेंहदवानी, सरस्वती शिशु मंदिर मेंहदवानी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसडोली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनेरी सहित अन्य विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।



## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिये प्रेरित करने का आरोप, एसपी से की शिकायत

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंत निवासी हेमराज पिता राजाराम पटेल द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत मे बताया गया कि बीते दिनों उनके पुत्र द्वारा घर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली गई। आवेदन मे उल्लेख किया गया है कि उसके पुत्र भानू पटेल का थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी युवती से प्रेम संबंध था एवं वह उसे झूठे केस मे फ़साने की धमकी देती थी तथा पैसों की मांग की जाती थी। जिसके चलते तकरीबन चार लाख रूपये दिये भी जा चुके थे। उसकी प्रताड़नाओं से परेशान होकर यह बात परिजनों को बताई जिसमे परिजनों की सहमति से प्रेमविवाह करा दिया गया। विवाह के बाद भी युवती द्वारा गहनों व पैसों के लिये परेशान किया जाने लगा युवती का कहती थी कि जब तक जिंदा रहोगे पैसे देने पड़ेगे और छुटकारा पाना है तो मरना पड़ेगा युवती की प्रताड़ना से परेशान होकर पुत्र ने घर पर गोली मार कर आत्महत्या कर ली। जिसके साक्ष्य जब्त किये गये मोबाइल मे है। पीड़ित पिता द्वारा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मांग की गई है कि मामले की सूक्ष्मता से जांच कर युवती पर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने का मामना दर्ज किया जावे।

### सड़क हादसे मे युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी में हुई सड़क दुर्घटना मे युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हक्कू पिता नथ्थू वाल्मीकि निवासी देवनगर मुगवानी के पास फोरलेन रोड क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गये जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### महिला ने खाया जहर, मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रंजना पति राहुल पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी पटना घघरौला थाना गाडरवारा द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई । पुलिस मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### अज्ञात लोगों के किया घायल युवक घायल

**नरसिंहपुर।** रविवार को थाना क्षेत्र कोतवाली के ग्राम तिदंनी गरकटा निवासी 28 वर्षीय युवक पर गांव में ही अज्ञात लोगों द्वारा पीछे से हमला कर घायल कर दिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। युवक ने बताया कि हमलावरों को वह नहीं जानता और कितने लोग है यह भी नहीं पता किस बात को लेकर हमला किया यह जानकारी नहीं है।

### छत से गिरा मजदूर

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र हर्रई निवासी युवक गांव मे ही मजदूरी का कार्य कर रहा था तभी छत से नीचे गिर गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्यालाल पिता बबलू गौड़ उम्र 35 वर्ष निवासी गुनगुन थाना हर्रई मजदूरी का कार्य कर रहा था तभी छत से नीचे गिर गया जिससे उसे उपचार हेतु जिला चिकितसालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### पर्यवेक्षक ने पदाधिकारियों की ली बैठक



**नरसिंहपुर।** गत दिवस दिल्ली की आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में पर्यवेक्षक बनाये गए जिला कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश शर्मा के साथ आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेकर विधानसभा चुनाव के सम्बंध में विभिन्न विषयों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में नई दिल्ली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र कसाना सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस तथा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सहित क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का लोकार्पण

**नरसिंहपुर।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने हायर सेकेंडरी स्कूल डोभी में 4 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्मार्ट क्लास और 6.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित आईसीटी लैब का लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट क्लास में फर्नीचर मॉनीटर और आईसीटी लैब में कंप्यूटर, एक

# सामूहिक सूर्य नमस्कार शामिल हुए जनप्रतिनिधि

## युवा महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी विवेकानंद जयंती: मंत्री








हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम 12 जनवरी को स्कूलों, कॉलेजों, आश्रम, शालाओं सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया गया। प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह सीएम राइज स्कूल डोभी में आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश, जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर युवा महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक का आचरण विद्यार्थियों को प्रेरक करने का काम करता है। हमें अपने जीवन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आचरण को अपने जीवन में स्थापित करना चाहिये।

### आधुनिक तकनीक के साथ मिलेगी शिक्षा

मंत्री श्री सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में शालेय शिक्षा में प्रयोग करते हुए, बहुत अनुभव, समीक्षा और विचार- विमर्श के बाद परिवर्तन कर रहे हैं। सीएम राइज, मॉडल स्कूल, एक्सीलेंस, पीएम श्री स्कूल ये उसी श्रृंखला का परिणाम है। प्रदेश में लगभग 30 सीएम राइज स्कूल बनकर तैयार हैं, जिनका लगातार मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम डोभी में जिस दिन सीएम राइज स्कूल बन जायेगा, उस दिन इस क्षेत्र में इससे बेहतर स्कूल कोई नहीं होगा। इस जिले का सबसे अच्छा सीएम राइज सरकार द्वारा ग्राम डोभी में देने जा रही है, जो आदर्श होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार लगातार मॉनिटरिंग, प्रोग्राम चलाकर बच्चों के साथ- साथ शिक्षकों की भी ट्रेनिंग दे रही है।

### बच्चों की क्षमताओं को हो विकास

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में एक नई शिक्षा नीति लेकर आये हैं। नई शिक्षा नीति में बच्चों को ट्रेनिंग, आपके अंदर की क्षमताओं को विकसित करना, भविष्य में किस तरफ जाना है, उस हिसाब से तैयार करना, अपने अनुकूल विषयों को चयन कर सकते हैं। पहले शासकीय स्कूलों में केजी वन व केजी टू की व्यवस्था नहीं थी, अब हम प्रदेश में यह व्यवस्था चालू कर रहे हैं। प्रदेश में साढ़े 4 हजार स्कूलों में प्री- प्राइमरी चालू की है और इस साल लगभग 6 हजार स्कूलों में ढेड़ हजार स्कूल और बढ़ायेंगे प्री- प्राइमरी चालू करेंगे और जैसे प्राइवेट स्कूल हैं वैसे ही सरकारी स्कूल होंगे, उसमें केजी वन व केजी टू की शिक्षा शुरू करेंगे।

### सामूहिक रूप से किया सूर्य नमस्कार

मंत्री श्री सिंह ने बच्चों को प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि अपने गुरु, शिक्षकों का अनुसरण कर अपने जीवन में उतारने का काम करें। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, इंजी. अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र रंगोलिया, धनीराम शर्मा, प्राचार्य अंजेश कुमार पटेल, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रगीत वंदे मातरम्‌ का गायन किया गया। इस दौरान आकाशवाणी द्वारा सीधे प्रसारित कार्यक्रम के साथ सूर्य नमस्कार की सभी 12 मुद्राओं को क्रमवार किया और प्राणायाम भी किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रार्थना की मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन आदि 12 मुद्राओं का अभ्यास किया और अनुलोम- विलोम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम किया। इस दिन स्वामी विवेकानंद जी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आकाशवाणी से अपना संदेश दिया, जिसे जिले में प्रसारित किया गया।

### असेम्बली हॉल सामूहिक सूर्य नमस्कार

जिला मुख्यालय पर असेम्बली हॉल नरसिंहपुर व उसके प्रांगण में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक, नागरिक शामिल हुए। यहां कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री और आभार योजना अधिकारी जीके नायक ने किया।




# अधिवक्ताओं ने किया योग

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद नरसिंहपुर इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर नए अधिवक्तागणों को वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र गोस्वामी, रमेश नेमा, कैलाश साहू, संजय दुबे, अरविंद सोनी, के के विश्वकर्मा ने न्यायिक कार्य मे युवा अधिवक्ता की भूमिका व योगदान' पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। समाधान लॉ चेम्बर के अधिवक्ता संदीप गुप्ता एवं शरद कुमार शर्मा द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव हुबली कर्नाटक में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा अधिवक्ता सुमित रैकवार को युवा प्रेरक शील्ड, शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया।अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद नरसिंहपुर इकाई द्वारा युवा दिवस पर प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले युवा अधिवक्ताओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने का कार्य प्रतिवर्ष किया जाएगा कार्यक्रम में बढ़ी संख्या में युवा अधिवक्ता गणों द्वारा सहभागिता प्रदान कर न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उक्त कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता शरद कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# बाल मजदूरी पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस रासेयो स्वयंसेवक द्वारा आगाज इंटर्न के तहत श्रुति गुप्ता के द्वारा डोकरघाट के शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मे बाल मजदूरी पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुमारी सपना ठाकुर, सोमवती चैधरी, नेहा मेहरा, गुंजन मेहरा, प्रीति मेहरा, कृष्ण कुमार चैधरी, अरबाज खान एवं अन्य बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया एवं बाल मजदूरी विषय पर पोस्टर बनाएं साथ ही बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोमवती चैधरी, द्वितीय स्थान गुंजन मेहरा तथा तृतीय स्थान कृष्ण कुमार चैधरी ने प्राप्त किया। उक्त मौके पर प्रधान पाठक श्रीमती मालती विश्वकर्मा एवं शिक्षक श्रीमान रुद्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती रामबाई चन्दैया की उपस्थिति रही।




# विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया एफएलएन मेलों का अवलोकन



गोटेगांव

विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक स्कूलों में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया, इसी क्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धात बागड़े द्वारा प्राथमिक शाला रामनिवारी, प्राथमिक शाला पचामा, प्राथमिक शाला तरवारा,एकीकृत माध्यमिक शाला नगवारा एवं एकीकृत माध्यमिक शाला कटकुही में आयोजित एफएलएन मेले का अवलोकन किया गया।विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मेले में लगाए गए पांच स्टॉलों (शारीरिक विकास,बौद्धिक विकास,भाषा विकास,गणित की पूर्व तैयारी,बच्चों का कोना) पर जाकर बच्चों से बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के संबंध में चर्चा की गई एवं सही जवाब देने पर उनका सम्मान एवं उत्साह वर्धन भी किया गया। इसी तारतम्य में बच्चों को उनकी मां के साथ रिपोर्ट कार्ड भी वितरण किए गए एवं रिपोर्ट कार्ड की गतिविधियों को घर की सामग्रियों से करने के लिए भी प्रेरित किया गया। अवलोकन के दौरान बगासपुर जन शिक्षक राजेश अग्रवाल,प्रकाश राकेशिया उमरिया,जनशिक्षक प्रवीण नामदेव,सुरेंद्र पटेल एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# सिवनी बंधा विद्युत उपकेन्द्र के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई



गोटेगांव

तहसील के श्रीनगर विद्युत वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपकेन्द्र सिवनी बंधा में पर्याप्तर विद्युत सप्लाई न मिलने के कारण यहां के किसानों द्वारा उपकेन्द्र के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की मांग की गयी थी जिस पर विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुये किसानों की वोल्टेज समस्या को दूर करने के लिये विभागीय कार्ययोजना 2024-2025 के तहत सिवनी बंधा विद्युत उपकेन्द्र के स्थापित 3.15 mva के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढाकर 5.mva किया गया जिसमें आस पास के 20 गावं के लगभग 1500 किसानों की विद्युत समस्या का समाधान हुआ एवं उन्हे गुणवता पूर्ण बिजली मिलने लगी।वहीं संदीप रघुवंशी सहायक अभियंता का कहना है ।वोल्टेज की समस्या से निजात पाने हेतु कार्य योजना 2024, 2025 के तहत क्षमता वृद्धि का कार्य पूर्ण किया गयाइनका कहना है विगत कई वर्षों से सिवनी बंधा के किसानों की वोल्टेज की समस्या चली आ रही थी जिसको प्राथमिकता से किया गया



## वैश्य महासभा का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुआ

**तेंदूखेड़ा** रविवार को वैश्य महासभा मप्र की जिला इकाई नरसिंहपुर के तत्वावधान में तेंदूखेड़ा के कलश गार्डन परिसर में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजित किया गया दोपहर दो बजे से आयोजित हुये इस सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी तथा मप्र शासन के पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह नर्मदा पुरम संसदीय क्षेत्र सांसद चौ दर्शन सिंह क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश पूर्व विधायक भैयाराम पटेल जिला भाजपा अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण एवं महासभा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर विभिन्न सेवा भावी गतिविधियों में संलग्न सेवा भावियों को सम्मानित भी किया गया। उपस्थित सभी वक्ताओं ने वैश्य महासम्मेलन की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए एक अलग अनूठा संगठन बताया। उपस्थित अतिथियों का पुष्पाहारों तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तथा स्थानीय पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सांसद रहे कैलाश सोनी ने काफी विस्तार से वैश्य महासम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न विंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।म प्र शासन के शिक्षा एवं परिवहन विभाग के मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने देश के विकास में किसानों तथा व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी विकास में उसके साथ खड़े रहने वाले हर व्यक्ति का सहयोग हुआ करता है। वैश्य महासम्मेलन भी ऐसा संगठन है जो सभी के सहयोग से इस मुकाम तक पहुंच गया है।

**वैश्य समाज का वह घटक है जिसने देश की प्रगति में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है -** मप्र शासन के ग्रामीण विकास मंत्री वरिष्ठ नेता प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भामाशाह जैसे दानवीरों के कारण इस देश की दिशा और दशा तय हुयी है।



# गायत्री परिवार की गोष्ठी संपन्न

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिशानिर्देशन में परम पूज्य आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा प्रज्वलित अखंड दीपक के सौ वर्ष एवं वंदनीय माता भगवती देवी जी की जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण विश्व को गायत्री मय करने का लक्ष्य वर्ष 2025 से वर्ष 2026 तक निर्धारित किया गया है। इसी तारतम्य में नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र की शाखाओं के गायत्री परिजनों की महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन तेंदूखेड़ा के श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार सम्पन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में नैष्टिक गायत्री परिजनों ने अपनी भागीदारी प्रदान की। तहसील क्षेत्र के बिजौरा देवरी (राजमार्ग) काचरकोना इमलिया कड़हैली ग्वारी सिमरिया ईश्वरपुर बारहा मदनपुर पीपरवानी आदि से पहुंचे परिजनों ने संकल्प लिया कि सभी यथासंभव सक्रिय रूप से आगामी कार्ययोजना में उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी प्रदान करेंगे। सभी परिजनों की सर्वसम्मति से सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र को छहः प्रखंडों में बांटा गया है ।प्रत्येक प्रखंड के कार्यक्षेत्र में 12 से 15 ग्रामों को रखा गया है। प्रत्येक प्रखंड केंद्र के गायत्री परिजनों प्रज्ञा मंडलों को अपने अपने कार्यक्षेत्र के ग्रामों में सघन जनसंपर्क कर जनजागरण का कर्य प्रारंभ करना है ।इन प्रखंडों के प्रभारी व सप्रभारियों की भी नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई ।
इस बैठक में नरसिंहपुर शक्ति पीठ के प्रबंधक ट्रस्टी आचार्य थम्मन शर्मा जबलपुर उपजोन समिति सदस्य वरिष्ठ परिजन वृंदावन पटैल नरसिंहपुर जिला संयोजक अविनाश बेलाकर भी विषेश रूप से उपस्थित रहे।

# बगासपुर हाईस्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया



गोटेगांव

तहसील के अंतर्गत ग्राम बगासपुर में स्थित शासकीय हाई स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। वहीं कार्यक्रम मे सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने किया । वहीं प्रभारी संकुल प्राचार्य रंजीत सिंह पिपरोलिया द्वारा प्रतिदिन सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम करने के फायदे बताए गए। शिक्षक अभिषेक चौरसिया द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास कब और कैसे करें, सिखाया गया। आरती लोधी माध्यमिक शिक्षक एवं मंजरी विश्वकर्मा शिक्षक के द्वारा छात्राओं को सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं पर मार्गदर्शन दिया गया।अंत में शिक्षक घनश्याम चौधरी द्वारा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के पश्चात किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।